MR. CHAIRMAN: Nothing will go one record...(*Interruptions*)...

श्री विनय कटियार: *

श्री सभापति: कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जा रहा है।

श्री शहिद सिद्दिकी: *

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record...(*Interruptions*)... Nothing is going on record...(*Interruptions*)...

Resolution regarding condemnation of desecration of the statue of Dr. B.R. Ambedkar in Kanpur

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) : सम्मानित सभापति महोदय, भारतीय संविधान के निर्माता परम आदरणीय बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा को कानपुर में खंडित करने की जो दुर्भाग्यजनक घटना हुई है, मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि उस से पूरा सदन अपने आप को सम्बद्ध कर रहा है और रोष व्यक्त कर रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता रहे हैं, दलितों के मसीहा रहे हैं, बल्कि सर्वजन हिताय उन्होंने जो काम किए हैं, सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए हम सब उन को यादकर नमन करते रहे हैं।

मान्यवर, जहां तक इस सरकार का प्रश्न है, मैं सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह सरकार, बाबा साहब अम्बेडकर के अपमान को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी और जो भी व्यक्ति इस तरह की घटना में लिप्त पाए जाएंगे, उन के खिलाफ कठोर-से-कठोर कार्यवाही करने की पक्षधर है। मान्यवर, जहां तक कई स्थानों पर दलितों पर होने वाले जुल्मो-सितम की घटनाओं का सवाल है, वह भी एक संवेदनशील विषय है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि आप जब भी इस विषय पर, इस सदन में, दलितों पर अत्याचार की घटनाओं पर चर्चा कराने के लिए निर्देश देंगे, यह सरकार उसके लिए भी तैयार है। लेकिन यह जो घटना परम आदरणीय बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने की हुई है, मैं पूरे सदन की ओर से और आपकी अनुमति से एक प्रस्ताव पढ़ता हूं। मैं निवेदन करना चाहूंगा कि उस प्रस्ताव से सभी आदरणीय सदस्य अपने आप को सम्बद्ध करें।। I move:

---

*Not recorded.

"This House unanimously condemns the desecration of the statue of Bharat Ratna, Babasaheb Bhimrao Ambedkar, in an unfortunate incident at Kanpur in Uttar Pradesh. The senseless and unfortunate incident has shocked the conscience of the nation. We appeal to all sections of the society to restore peace and harmony and not to indulge in acts which may damage the social fabric and unity and integrity of our country".

The motion was adopted.

कुमारी मायावती (उत्तर प्रदेश): सर, ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: अब हो गया, हो गया It is unanimous ...(व्यवधान)...

कुमारी मायावती: लेकिन माननीय सभापति जी, जिस तरह से ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: आप बैठिए। ...(व्यवधान)... मायावती जी, एक मिनट बैठिए तो सही ...(व्यवधान)... आप बैठिए, बैठिए ...(व्यवधान)... सदन का एक प्रस्ताव पास हो गया है ...(व्यवधान)... और कुछ रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा ...(व्यवधान)... ...(व्यवधान)...

कुमारी मायावती:*

श्री सतीश चन्द्र मिश्र:*

श्री अमर सिंह: *

श्री सीताराम ऐचुरी:*

श्री सभापति: कोई बात अभी नहीं होगी ...(व्यवधान)... देखिए ...(व्यवधान)... सदन की कार्यवाही 12.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at fifty minutes past eleven of the clock.

---

*Not recorded.